01/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना सवेरे छह बजे शुरु होगी। पहले डाक मत पत्रों की गिनती होगी। उसके बाद इलेक्ट्रोनिक रुप से की गई पोस्टल बैलेट सिस्टम और ई वी एम के मतों की गिनती की जाएगी। वही, देश के बाकी हिस्सों के साथ राज्य की दो संसदीय सीटों के लिए मतगणना चार जून को होगी। अरुणाचल प्रदेश की साठ सदस्यों की विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने पहले ही दस सीटे निर्विरोध जीत चुकी है। राज्य में मतगणना के लिए चौबीस केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए दो हजार से अधिक चुनाव अधिकारी तैनात किए गए है। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि दोनों मतगणना दिवसों को राज्य में “ड्राई डे” घोषित किया गया है और मतगणना केंद्रों के आस-पास धारा 144 लगा दी गई है। वर्तमान राज्य विधानसभा का कार्यकाल कल यानी दो जून को समाप्त हो रहा है। राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले गए थे। चुनाव में तिरासी प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस बीस, सिक्किम के राज्य विधानसभा चुनावों के लिए भी कल मतगणना होगी।

0000000000000000000

उन्नीस अप्रैल को शुरु हुआ दुनिया का सबसे बड़ा मतदान मैराथन आज शाम लोकसभा चुनाव के सातवे और अंतिम चरण के समापन के साथ ही समाप्त हो गया। पिछले तैतालीस दिनों में, पांच सौ तैतालीस निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों ने अट्ठारहवीं लोकसभा के लिए अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए मतदान किया।

लोकसभा चुनाव के सातवे और अंतिम चरण में आज सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की सत्तावन लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में है। शाम पांच बजे तक अट्ठावन प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने देश के उत्तर-पूर्वी भागों तथा पश्चिम बंगाल में अगले छह दिनों के भीतर मध्यम वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में देश के उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में जारी भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने का अनुमान व्यक्त किया है।

000000000000000000

असम में, बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई और रेमल चक्रवात के बाद लगातार बारिश के कारण प्रमुख नदियों का जल स्तर बढ़ने से 11 जिलों में लगभग साढ़े 3 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, कई जिलों में बाढ़ के पानी से कई सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित जिलों में 148 राहत शिविर और 39 राहत वितरण केंद्र खोले हैं और बचाव और राहत के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को भी तैनात किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज पश्चिम बंगाल और तेलंगाना सहित देश के पूर्वोत्तर भागों में चक्रवात रेमल से हुई तबाही और जानमाल के नुकसान पर शोक संवेदना प्रकट की है।

000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मैन ने अपनी सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से साझा करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने सालाना 7430 मीट्रिक टन कीवी का उत्पादन करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह उत्पादन देश के कुल कीवी उत्पादन का लगभग 44.71 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि मेहनती किसानों की दृढता ने राज्य को भारत में अग्रणी कीवी उत्पादक के रुप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और यह सफलता राज्य के कृषि क्षेत्र की क्षमता का प्रमाण है और स्थाणीय कृषि पहलों को समर्थन और बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती है।

0000000000000000000

प्रसिद्ध लेखक लुम्मर दाई की चौरासीवीं जयंती आज ईस्ट सियांग जिले में उनके जन्मस्थल सिलुक में मनाई गई। स्वर्गीय लुम्मर दाई ने असमिया भाषा में कई प्रसिद्ध पुस्तकें लिखी है जैसे पहोरोर हिले हिले, पृथ्वीवीर हाही, मोन आरु मोन, कोन्यार मुल्या, ऊपर महल, आदि लोककथाएं उदयचलर साधु आदि। वे अरुणाचल प्रदेश के पहले समाचार पत्र इको ऑफ अरुणाचल के संस्थापक भी थे। ईस्ट सियांग जिले के सिलुक गांव में हर साल लुम्मर दाई की जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर मलियांग पर्मे द्वारा लिखित असमिया कविताओं के संग्रह “अपुन हूर” नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

0000000000000000

आबो तानी हॉल में कल याचुली और जीरों / हापोली के लिए मतों की गिनती के लिए अंतिम ड्रेस रिहर्सल की गई, जहाँ इस महीने की दो और चार तारीख को मतगणना होगी। बैठक के दौरान मुख्य पर्यवेक्षक सुनील कुमार यादव ने कहा कि पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा मतगणना सहित चुनाव प्रक्रिया का मुख्य सार है। इसलिए मतगणना के दौरान कोई खामी नहीं रहनी चाहिए। इस बीच, दोनों निर्वाचन क्षेत्रों की पूरी प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने का आश्वासन देते हुए जिला चुनाव अधिकारी विवेक एचपी ने बताया कि राजनीतिक दलों के मतगणना एजेंटों सहित सभी मतगणना अधिकारियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया है और मतगणना प्रर्किया की जानकारी दी गई है।

0000000000000000

अपर सुबनसिरी जिले के दापोरिजो में हंगपन दादा मेमोरियल ट्रॉफी के सातवें संस्करण में फुटबॉल और वॉलीबाल के लिए अंडर-16 बालक और बालिकाओं का अंतिम चयन किया गया। दापोरिजों के मिनी आउटडोर स्टेडियम में कल आयोजित टूर्नामेंट में जिले के विभिन्न हिस्सों से कई खेल टीमों ने भाग लिया। इस बीच, वॉलीबॉल के फाईनल मैच में लड़कों की श्रेणी में दुम्पोरिजो ने दापोरिजों को, वहीं लड़कियों की श्रेणी में नाचों ने दापोरिजो को हराया।

00000000000000000